भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2155
गुरुवार, 12 फरवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

भोपाल में कार्गो हवाईअड्डे का विकास

2155. श्री आलोक शर्मा:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भोपाल सहित देश में नए कार्गो हवाईअड्डों के निर्माण के लिए कोई कार्य-योजना तैयार की है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) क्या भोपाल में कार्गो हवाईअड्डे के निर्माण के संबंध में कोई कार्रवाई की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) **:** कार्गो सुविधाओं का विकास विभिन्न कारकों जैसे हवाईअड्डे के विकास में प्रगति, निर्धारित परिचालनों में वृद्धि, हैंडलिंग क्षमता, घरेलू कार्गो मात्रा में वृद्धि और एयरलाइनों की माँग पर निर्भर होता है। एयरलाइनें कार्गो क्षमता, परिचालन क्षमताओं और किसी भी हवाईअड्डे से परिचालन की समग्र वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अपने आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर कार्गो परिचालन शुरू करती हैं। एआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एआईसीएलएएस) ने भोपाल हवाईअड्डे पर कोल्ड स्टोरेज सुविधा के साथ घरेलू हवाई कार्गो सुविधा स्थापित की है।

*****